एक बैच में होंगे 30 स्टूडेंट्स फोटो भी करनी होगी अपलोड

सीबीएसई स्कूलों में एक जनवरी से होंगे प्रैक्टिकल एग्जाम

10वीं के लिए इंटरनल और 12वीं में बाहर से आएंगे एग्जामनर, स्कूलों में तैयारियां शुरू

kanpur@inext.co.in

KANPUR (14 Dec): सेंट्रल बोर्ड फॉर सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) ने 10वीं और 12वीं के प्रैक्टिकल एग्जाम के लिए डेटशीट जारी कर दी है. डेटशीट जारी करने के साथ साथ प्रैक्टिकल कराने को लेकर गाइडलाइन भी जारी की गई हैं. ऐसे में सीबीएसई ने तय कर दिया है कि 12वीं में एक बार में एक बैच प्रैक्टिकल का होगा. इसके अलावा एक बैच में केवल 30 स्टूडेंट्स को रखा जा सकता है. प्रैक्टिकल के समय की एक साफ फोटो सीबीएसई के पोर्टल पर अपलोड कराना होगा, जिसमें स्टूडेंट और एग्जामनर का फेस साफ होना चाहिए. इसके अलावा फोटो को जियो टैग के साथ खींचा जाना है.

अपनी रिपोर्ट में करें शामिल

प्रैक्टिल एग्जाम को लेकर सीबीएसई की ओर से गाइडलाइन जारी कर दी गई है. इसमें साफ कर दिया गया है कि यदि प्रैक्टिकल एग्जाम या प्रोजेक्ट मूल्यांकन संचालन में किसी भी एग्जामनर द्वारा अनियमितताएं देखी जाती हैं तो उसे एग्जामनर अपनी रिपोर्ट में शामिल करे. इसके साथ ही संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय के सचिव (गोपनीय) को आयोजन के तीन दिनों के भीतर ई-मेल या फैक्स और स्पीड पोस्ट के माध्यम से रिपोर्ट को भेजें, जिससे आगे की प्रोसीडिंग की जा सके.

"सीबीएसई ने प्रैक्टिकल और थ्योरी एग्जाम्स के लिए डेटशीट जारी कर दी है. इसके साथ ही प्रैक्टिकल, प्रोजेक्ट और इंटरनल एसेसमेंट के लिए गाइडलाइन को भी जारी कर दिया गया है. सीबीएसई की गाइडलाइन के अनुसार प्रैक्टिकल और एग्जाम होंगे.

बलविंदर सिंह, डिस्ट्रिक कोऑर्डिनेटर सीबीएसई

- **01** जनवरी से शुरू होंगे प्रैक्टिकल एग्जाम
- **30** स्टूडेंट होंगे प्रैक्टिकल के एक बैच में
- **70** मार्क्स का प्रैक्टिकल म्यूजिक व डांस में
- **14** जनवरी तक पूरे करा लिए जाएंगे प्रैक्टिकल
- **15** फरवरी से थ्योरी एग्जामं शुरू हो जाएंगे

10वीं के स्टूडेंट्स के लिए होम एग्जामनर

प्रैक्टिकल या प्रोजेक्ट के मामले में 10वीं के स्टूडेंट्स को ज्यादा टेंशन लेने की जरूरत नहीं है. उनका सामना एग्जामनर के रूप में स्कूल के टीचर से ही होगा. सीबीएसई ने 10वीं के स्टूडेंट्स के लिए इंटरनल एसेसमेंट का प्रावधान रखा है. टोटल 100 नंबर के पेपर में 20 मार्क्स इंटरनल एसेसमेंट के आधार पर दिए जाएंगे. वहीं, 12वीं की बात करें तो यहां पर कुछ लैंग्वेज वाले सब्जेक्ट्स में तो इंटरनल एसेसमेंट की व्यवस्था है लेकिन मैक्सिमम सब्जेक्ट्स में बाहर से एग्जामनर आकर एग्जाम लेंगा.

स्कूलों में तैयारियां तेज

सीबीएसई ने प्रैक्टिकल और थ्योरी एग्जाम के लिए डेटशीट जारी कर दी है. प्रैक्टिकल एग्जाम के लिए एक जनवरी से 14 फरवरी तक की डेट को फिक्स कर दिया गया है. इसके अलावा 15 फरवरी से थ्योरी एग्जाम्स को स्टार्ट कराया जाएगा. डेटशीट जारी होने के बाद स्कूलों ने भी एग्जाम्स की तैयारियां तेज कर दी हैं. अधिकतर स्कूलों में सिलेबस के रिवीजन का काम चल रहा है.

20 नंबर का प्रोजेक्ट

फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायो, मैथ्स और साइकोलॉजी में 30 नंबर का प्रैक्टिकल होगा. हिस्ट्री और पॉलिटिकल साइंस समेत कुछ सब्जेक्ट्स में 20 नंबर का प्रोजेक्ट वर्क होगा. कथक, भरतनाट्यम और ओडिसी समेत कुछ सब्जेक्ट्स में 70 मार्क्स का प्रैक्टिकल होगा. इसके अलावा आईटी, हेल्थकेयर, इंश्योरेंस और टूरिज्म समेत कई सब्जेक्ट्स में प्रैक्टिकल के मार्क्स 40 रखे गए हैं. सीबीएसई ने यह भी क्लियर कर दिया है कि 10वीं और 12वीं दोनों क्लासेज में टोटल मार्क्स 100 रहेंगे. इसमें प्रैक्टिकल, इंटरनल एसेसमेंट, प्रोजेक्ट और थ्योरी एग्जाम शामिल हैं.

मधुबनी चित्रकला में दिखाया टैलेंट

KANPUR (14 Dec): सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर में 28 दिसंबर तक प्राचीन मधुबनी चित्रकला पर आधारित वर्कशाप का आयोजन किया जा रहा है. यह वर्कशाप स्कूल के स्टूडेंट्स, गार्जियन और सभी कानपुरवासियों के लिए आयोजित की गई है. पद्मश्री अवार्ड के लिए नॉमिनेट मधुबनी आर्टिस्ट शांति देवी और शिवन पासवान की ओर से मधुबनी चित्रकला के विभिन्न रूपों से अवगत कराया जा रहा है. मधुबनी चित्रकला पारंपरिक रूप से बिहार के मिथिला क्षेत्र के कई समुदायों की महिलाओं द्वारा बनाई जाती थी. माना जाता है सर्वप्रथम मधुबनी चित्र राजा जनक ने राम-सीता के विवाह के दौरान महिला कलाकारों से बनवाए थे.

वर्कशॉप के बारे में जानकारी देतीं प्रिंसिपल भावना गुप्ता.

28 को लगेगी एक्जीबिशन

प्रिंसिपल भावना गुप्ता ने बताया कि सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना तथा उसका प्रचार-प्रसार करना एनईपी का प्रमुख उद्देश्य है. 28 दिसंबर को समापन दिवस पर पूरे महीने में बच्चों के द्वारा बनाई गई चित्रकलाओं को प्रदर्शनी में दर्शाया जाएगा. गार्जियंस ने ख्याति प्राप्त कलाकारों से बच्चों को चित्रकला सीखने का अवसर प्रदान करने के लिए स्कूल की चेयरपर्सन मनोरमा गोविंद हरि सिंहानिया, वाइस चेयरमैन अभिषेक सिंहानिया, वर्षा सिंहानिया और पार्थो पीकर का आभार जताया.